RAF SECTOR

NEWS CLIP

25/07/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar , Jaipur (R.J)

आरएएफ 83 बटालियन कमांडेंट के नेतृत्व में किया वृक्षारोपण

वृक्षारोपण कार्य पुण्य महान– प्रवीण कुमार सिंह

बस्सी (ओम भास्कर ब्यूरो) बाँसखो कस्बे के ग्राम मालिहाला के सरकारी स्कूल में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश अनुसार रेपिड एक्सन फोर्स १।83 बटालियन कमांडेंट श्री प्रवीण कुमार सिंह के निदेशानुसार ए 83 समवाय के हीरालाल जाट सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में 24 जुलाई शनिवार को एक दिवसीय वृक्षारोपण कार्यक्रम ग्राम मालिहाला स्कूल पंचायत समिति बाँसखो तहसील बस्सी में आयोजित किया गया। ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसखो व सीनियर सेकेंडरी माध्यमिक विद्यालय में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। तथा सहायक कमांडेंट हीरालाल जाट ने ग्रामीणों को पौधों के संरक्षण व पौधों से होने वाले फायदे गिनाए। उन्होंने कहा की मनुष्य को प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए हमको अधिक से अधिक संख्या में पेड लगाने चाहिए।

इस अवसर पर गांव के आसपास प्राकृतिक जलभराव का वाले स्थानों का जीर्णोद्धार व साफ सफाई करना अनुपयोगी व छोड़े गए कुओं व बोरवेल में पानी भराव हेतु तैयार करना। वृक्षारोपण अभियान व पर्यावरण की जानकारी के साथ ग्रामीणों को जलशक्ति अभियान, जल संरक्षण व सफाई अभियान, जल संरक्षण प्रतिज्ञा समारोह कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर निरीक्षक अजीत सिंह चौधरी, निरीक्षक विकास कुमार, उपनिरीक्षक कमलेश सैनी, उपनिरीक्षक हरीश चौधरी एवं सभी बहादुर जवान मौजूद थे इस अवसर पर सीनियर सेकेंडरी माध्यमिक विद्यालय बाँसखोह के प्रिंसिपल रामोतार मीणा, सुदामा मीना व समस्त स्टाफ तथा मालिहाला स्कूल के स्टाफ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसखो के चिकित्सक प्रभारी कमलेश कुमार सैनी एवं सरपंच प्रतिनिधि राजेश महंत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।